सी.एस.आई.आर.-केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)
सेक्टर 10, जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, लखनऊ - 226 031 (भारत)
CSIR - Central Drug Research Institute
(Council of Scientific & Industrial Research)
Sector 10, Janakipuram Extension, Sitapur Road, Lucknow - 226 031 (India)

सं0 5(29) / 2015 स्था0-I

दिनांक: 06 मई, 2022

अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति हेतु गठित समिति की कार्यवाही (Proceedings)

संस्थान की अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति हेतु गठित समिति की दिनांक 15 मार्च, 2022 की पिछली बैठक में संस्तुत मामलों में से श्रीमती निधि श्रीवास्तव, पत्नी स्व. डॉ. एन. के. श्रीवास्तव के मामले पर समिति द्वारा संस्तुत कनिष्ठ सचिवालय सहायक के पद पर पुनर्विचार करने हेतु अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु गठित समिति की पुनः बैठक दिनांक 06 मई, 2022 को पूर्वाहन् 10:30 बजे निदेशक महोदय के सभाकक्ष में आयोजित की गयी, जिसमें समिति के निम्न सदस्यों ने भाग लिया:-

1. डॉ. समन हबीब, चीफ साइंटिस्ट — अध्यक्ष
2. श्री आई. बी. दीक्षित, वित एवं लेखा नियंत्रक, CSIR-IIIM, Jammu (ऑनलाईन द्वारा) — सदस्य
3. श्री पंकज बहादुर, वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक — सदस्य
4. श्री रणवीर सिंह, प्रिंसिपल साइंटिस्ट एवं Welfare Officer — सदस्य

समिति द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2022 की पिछली बैठक में श्रीमती निधि श्रीवास्तव को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर रिक्ति वर्ष 2021 हेतु कनिष्ठ सचिवालय सहायक का पद संस्तुत किया गया था।

समिति को यह अवगत कराया गया कि कनिष्ठ सचिवालय सहायक का पद अन्य संस्वीकृत समान पदों सहित विज्ञापन सं. 06 / 2021 दिनांक 12 जुलाई, 2021 द्वारा विज्ञापित किया जा चुका है तथा अंतिम तिथि दिनांक 15 सितम्बर, 2021 तक लगभग 10,000 आवेदन-पत्र प्राप्त हो गये हैं, जिस पर अग्रिम कार्रवाई भी प्रारम्भ की जा चुकी है। अतः समिति से श्रीमती निधि श्रीवास्तव को दिनांक 15 मार्च, 2022 की अनुकम्पा नियुक्ति की बैठक द्वारा संस्तुत पद कनिष्ठ सचिवालय सहायक पर पुनः विचार करने का अनुरोध किया गया।

समिति ने उक्त मामले पर ध्यानपूर्वक एवं गम्भीरता से विचार करने के उपरान्त श्रीमती निधि श्रीवास्तव को कनिष्ठ सचिवालय सहायक पद के स्थान पर Lab. Attendant (1) Pay Level-1, Cell-1 (18000-56900) पद हेतु अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति प्रदान किये जाने की अनुशंसा की। Lab. Attendant (1) पद हेतु वांछित शैक्षिक योग्यता 10th Standard/SSC or equivalent, with minimum 50% marks हैं तथा श्रीमती निधि श्रीवास्तव उक्त पद हेतु वांछित शैक्षिक योग्यता पूर्ण करती है। संस्थान में Lab Attendant (1) के 98 पद रिक्त हैं तथा इस पद पर वर्तमान में कोई भर्ती प्रक्रिया नहीं चल रही है।

चूंकि श्रीमती निधि श्रीवास्तव की आयु Lab. Attendant (1) पद की अधिकतम वांछित आयु (28 वर्ष) से लगभग 13 वर्ष अधिक है, अतः सक्षम प्राधिकारी से मामले में वांछित छूट प्रदान करने की संस्तुति की जाती है।

समिति की बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई।

नोटः— 1. किसी भी आवेदक का समिति के किसी भी सदस्य से सम्बन्ध नहीं है।
2. प्रमाणित किया जाता है समिति को किसी प्रकार से प्रभावित नहीं किया गया है।

(रणवीर सिंह)
सदस्य

(पंकज बहादुर)
सदस्य

(आई. बी. दीक्षित)
सदस्य

(समन हबीब)
अध्यक्ष

अनुमोदित

निदेशक